राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

# प्रोटेम स्पीकर के रूप में श्री कालीचरण सराफ को राज्यपाल दिलाएंगे सांय 4.30 बजे राजभवन में शपथ तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया

जयपुर, 18 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक श्री कालीचरण सराफ को सांय 4.30 बजे राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाएंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उनके साथ सहयोग के लिए तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया है। इसमें वरिष्ठ विधायक श्री दयाराम परमार श्री प्रताप सिंह सिंघवी और डॉक्टर किरोडी लाल मीणा सम्मिलित है।

——